तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 मार्च 2025

11 सोनीपत स्टेशन पर पहुंचा यूरिया, जल्द खाद विक्रेताओं को मिलेगा



12 पांच मतदान केंद्रों की ईवीएम सील गिनती नहीं, 268 बूथों में से 263 की मतगणना






चेयरमैन का चुनाव जीतने पर प्रमाणपत्र लेते हीरालाल



मेयर उपचुनाव : जीत के बाद राजीव प्रमाण पत्र देते आरओ।



मतगणना केंद्र में तैनात पुलिसकर्मी।



मतगणना के बाद गले मिलते राजीव जैन व कमल दिवान।

### नगर निगम मेयर उपचुनाव व खरखौदा नपा चेयरमैन पद पर जमाया कब्जा

# होली पर उड़ा भाजपा का गुलाल, राजीव जैन बने मेयर और हीरालाल को मिली चेयरमैनी

**उपचुनाव जीतकर भाजपा ने कांग्रेस से छीन लिया शहर की सरकार का ताज, जैन ने दिवान को 34,749 वोटों से हराया**

**पहले कांग्रेस की टिकट पर जीतकर मेयर बने निखिल अब भाजपा विधायक, नपा में हीरालाल ने मैक्सिन को 4,425 वोटों से पछाड़ा, पूरे जिले में भाजपाइयों ने मनाया जश्न**

मेयर उपचुनाव में 83, 761 मतदाताओं ने डाले वोट, राजीव जैन को 57, 858 व कमल दिवान को 23, 109 वोट मिले। चेयरमैन में हीरालाल को 7, 935 व मैक्सिन को 3,510 वोट मिले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम सोनीपत मेयर उप-चुनाव और खरखौदा नगर पालिका अध्यक्ष के चुनावों में भाजपा ने परचम लहराया है। सोनीपत में मेयर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन तो खरखौदा नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने जीत दर्ज की है। मयेर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने जीत हासिल करते हुए 34 हजार 749 वोटों से कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान को हराया। भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने कुल 83 हजार 761 वोटों में से 57 हजार 858 वोट प्राप्त किए। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार कमल दिवान ने 23 हजार 109 वोट हासिल किए। खरखौदा नगरपालिका अध्यक्ष चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने जीत हासिल की। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार मैक्सिन को 4 हजार 425 वोटों से मात दी। भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने कुल 12 हजार 545 वोटों में से 7 हजार 935 वोट हासिल किए। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाले निर्दलीय उम्मीदवार मैक्सिन को 3 हजार 510 वोट मिले। सोनीपत में रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा ने विजेता भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन को प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं खरखौदा में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने विजेता चेयरमैन हीरालाल व पार्षदों को प्रमाण पत्र सौंपे।

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम के मेयर उपचुनाव में जीत दर्ज करने के साथ ही भाजपा ने कांग्रेस से शहर की सरकार का सिरमौर का पद छीन लिया है। बेशक से 9 माह के लिये ही राजीव जैन मेयर बने हों, लेकिन भाजपा पार्टी के लिये यह जीत मनोबल दोगुना करने वाली है। पहले विधानसभा में अब मेयर उप चुनाव में भाजपा ने अपना परचम लहराया है। वहीं कांग्रेस पार्टी के लिये लोकसभा चुनावों के बाद से लगातार दूसरी हार परेशान करने वाली है। कांग्रेस को चिंतन करना चाहिये कि शहर में लगातार वे पिछड़ते क्यों जा रहे हैं। बता दें कि शहर की सरकार कहे जाने वाले नगर निगम के मेयर और पार्षदों का चुनाव दिसंबर 2020 में हुआ था। हालांकि सोनीपत को नगर निगम का दर्जा 2015 में ही मिल गया था, लेकिन नगर निगम बनने के बाद सोनीपत नगर निगम का पहला चुनाव 27 दिसंबर 2020 को हुआ था। जिसमें तत्कालीन कांग्रेसी नेता निखिल मदान ने भाजपा के ललित बतरा को हराते हुए मेयर पद पर कब्जा किया था। हालांकि 20 वार्ड पार्षद पदों में से 10 में भाजपा ने जीत दर्ज की थी, 9 में कांग्रेस ने और 1 पार्षद निर्दलीय बना था।

### गत वर्ष से बदलने लगा था कांग्रेस का दौर

सोनीपत शहर की बात करें तो विधानसभा चुनावों से पहले तक पूरे शहर में सिर्फ कांग्रेस ही दिखाई देती थी। सोनीपत का मेयर निखिल मदान उस समय कांग्रेसी थे। सोनीपत शहर के विधायक सुरेंद्र पंवार वो भी कांग्रेसी थे। अगर इसमें पिछले साल अक्टूबर तक का समय भी जोड़ लिया जाए तो ताजा ताजा सांसद भी कांग्रेसी ही बन गए थे। अभी विधानसभा चुनाव बीते छह माह ही बीते हैं। इन छह महीनों में ही विधायक भी भाजपा के बन गए और अब मेयर भी भाजपा के हो गए हैं।



### अपनों ने नहीं दिया साथ : दिवान

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान भले ही बड़े अंतर से हार गए, लेकिन वे हार से मायूस नहीं हुए। तीसरे-चौथे राउंड की मतगणना के बाद हार तय होने के बावजूद वे आखिरी तक मतगणना केंद्र पर डटे रहे और विजेता प्रत्याशी भाजपा के राजीव जैन को बधाई देकर ही रवाना हुए। कमल दिवान ने कहा कि मेयर उप चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी होने के बावजूद मेरा साथ कांग्रेस नेताओं ने ही नहीं दिया। कांग्रेस के कई नेताओं ने मदद करने की बजाय उनकी खिलाफत की। जिनके नाम आलाकमान को भेज दिए गए हैं। अब आगे की कार्रवाई पार्टी उच्च कमान को करनी है।

### सरकार के विकास पर जनता की मोहर : जैन

भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि पहले विस व अब निकाय चुनाव में जीतसे साबित हो गया है कि प्रदेश की सैनी सरकार व केंद्र की मोदी सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है। हर वर्ग सरकार के विकास कार्यों से खुश है। ऐसे में जनता का पूरा आशीर्वाद मिल रहा है। 38 वर्षों से राजनीति में सक्रिय राजीव जैन की पत्नी को दो बार विधायक बनाने में अहम भूमिका रही है। जो मनोहर सरकार पार्ट वन में कैबिनेट मंत्री थी।











स्टार्स टिप्स

# सेलिब्रेट करते हैं होली लेकिन जरा संभलकर...

होली ऐसा त्योहार है, जिसका मजा सभी लेते हैं। लेकिन इस दौरान अपनी हेल्थ का ध्यान रखना भी जरूरी है। यहां कुछ टीवी एक्टर्स हरिभूमि को बता रहे हैं कि होली सेलिब्रेशन के दौरान वे क्या सावधानियां बरतते हैं?

## कलर रिमूव करने के लिए नेचुरल तरीके अपनाता हूं: सवी ठाकुर



**सन नियो** चैनल पर हाल ही में लांच हुए शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का किरदार निभा रहे सवी ठाकुर होली पर रंग खेलने और इस दौरान हेल्थ केयर के अपने तरीके के बारे में बताते हैं, 'मैं केमिकल वाले रंगों से होली नहीं खेलता हूं। हालांकि चाहे जितना भी बचाव किया जाए, लोग केमिकल वाले रंग इस्तेमाल करते ही हैं। ये रंग आंखों, नाक या मुंह में चले जाएं तो काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए मुझे यह ठीक नहीं लगता। लेकिन बचपन में जब मैं होली खेलता था, तब अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए शरीर पर नारियल का तेल लगाकर जाता था। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा और प्राकृतिक उपाय है, जिससे रंग आसानी से नहीं चिपकते और त्वचा को भी पोषण मिलता है।

अगर शरीर पर रंग लग जाए तो मैं त्वचा को साफ करने के लिए हल्के और प्राकृतिक उपाय ही अपनाता हूं। बेसन, हल्दी और दही का मिश्रण एक अच्छा विकल्प होता है, जिससे त्वचा से रंग भी हट जाता है और नमी भी बनी रहती है। इसके अलावा गुलाब जल से चेहरा धोना या एलोवेरा जैल लगाना भी काफी फायदेमंद होता है। होली के बाद त्वचा को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है, इसलिए खूब पानी पीना और मॉयश्चराइजर लगाना नहीं भूलना चाहिए।' *

## पूरी तैयारी के बाद ही होली खेलने निकलता हूं: योगेश त्रिपाठी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में योगेश त्रिपाठी दारोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे हैं। होली पर रंगों के बैड इफेक्ट्स से स्किन को बचाने के लिए वे क्या करते हैं, पूछने पर बताते हैं, 'होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कुछ रंगों में मिले रसायन त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए, मैं हमेशा पहले से कुछ तैयारियां करता हूं ताकि सुरक्षित तरीके से होली मना सकूं। होली खेलने से पहले मैं अपनी त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल अच्छी तरह से लगाता हूं, जिससे रंग सीधे त्वचा पर असर न करे और आसानी से हट जाए। इसके अलावा, मैं होली खेलने के दौरान पूरी बाजू के कपड़े पहनता हूं ताकि शरीर कम से कम रंगों के संपर्क में आए। आंखों और बालों की सुरक्षा के लिए मैं सनग्लासेस पहनता हूं और बालों में तेल लगाकर होली खेलने बाहर निकलता हूं। होली खेलने के बाद चेहरे और त्वचा का विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। मैं सबसे पहले हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धोता हूं और फिर दही या बेसन का पैक लगाता हूं ताकि रंग कोमलता से निकल जाए। किसी भी केमिकल युक्त साबुन या स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करता क्योंकि इससे त्वचा रूखी हो सकती है।' *

## अपने बालों और स्किन की करता हूं प्रॉपर केयर: रोहित सुचांती



**जी टीवी** के शो 'भाग्य लक्ष्मी' में ऋषि की भूमिका निभाने वाले रोहित सुचांती होली खेलने और इस दौरान अपनी हेल्थ केयर के बारे में बताते हैं, 'होली हमेशा से ही मेरे पसंदीदा त्योहारों में से एक रहा है। ऐसा सिर्फ रंगों की वजह से नहीं है, बल्कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मेरे बचपन की कई खूबसूरत यादें इस पर्व से जुड़ी हुई हैं। मुझे आज भी बचपन के वो बेफिक्री वाले दिन याद हैं, जब मैं और मेरे दोस्त रंगों से खेलते थे, एक-दूसरे को पानी से भिगोते थे। इस फेस्टिवल को खूब एंज्वॉय करते थे।

होली को लेकर आज भी मुझमें वैसा ही उत्साह है। लेकिन अब मैं अपनी त्वचा और बालों का खास ख्याल रखता हूं। इसके लिए मैं हमेशा नेचुरल कलर्स से होली खेलना पसंद करता हूं। साथ ही हार्मफुल केमिकल्स से अपनी स्किन और बालों को बचाने के लिए होली खेलने से पहले कोकोनट या आल्मंड ऑयल स्किन पर लगाता हूं। यह हार्मफुल केमिकल्स और हमारी स्किन के बीच बैरियर का काम करता है। होली खेलने के बाद, मैं माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करता हूं। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करता हूं ताकि मेरी स्किन हाइड्रेटेड रहे। अपने बालों को मैं सल्फेट-फ्री शैंपू से धोता हूं और बालों में रूखापन न आए इसके लिए मैं अपने बालों की डीप कंडीशनिंग करता हूं। अपने सभी फैंस से मैं यही कहूंगा कि ईकोफ्रेंडली ढंग से इस खूबसूरत त्योहार को एंज्वॉय करें। अपना ध्यान रखें और सुरक्षित रहें।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

होली स्पेशल

कल होली है। इसे मनाने की, जमकर रंग खेलने की तैयारी आपने कर ली होगी। लेकिन अगर आपकी उम्र अधिक है या डायबिटीज, हाई बीपी, एलर्जी या अस्थमा के पेशेंट हैं तो होली खेलने के दौरान आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। ऐसा न करने पर आपकी हेल्थ संबंधी परेशानी बढ़ सकती है। इस बारे में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स के यूजफुल सजेशंस।

डॉक्टर्स एडवाइस

# अगर आप हैं बुजुर्ग-बीमार होली पर रखें अपना ध्यान







होली रंग और मस्ती का पर्व है। इसे सभी उत्साह और उल्लास से मनाना चाहते हैं। लेकिन अगर आपको डायबिटीज, अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर या किसी तरह की एलर्जी है, तो इस खुशी में जरा संभलकर शामिल होना जरूरी है। खासकर बुजुर्गों को और भी सतर्क रहने की जरूरत होती है ताकि त्योहार के मजे के साथ स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी न बढ़े।

### डायबिटिक पेशेंट्स ऐसे करें केयर


होली के मौके पर डायबिटीज के पेशेंट्स किस तरह की सावधानियां बरतें, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में प्रिंसिपल कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी एंड ओबेसिटी मेडिसिन, **डॉ. साकेत कांत** कहते हैं- डायबिटीज के मरीजों को होली पर मीठे व्यंजनों को खाने से खासतौर पर बचना चाहिए, क्योंकि इस दिन तरह-तरह की मिठाइयां जैसे गुझिया या गुलाब जामुन आदि का सेवन किया जाता है। मिठाइयों की जगह घर पर बनी हेल्दी चीजे खाएं, जैसे सूखे मेवों से बनी मिठाइयां। ठंडाई में ज्यादा शक्कर या भांग न डालें, क्योंकि यह शुगर लेवल बढ़ा सकती है। त्योहार के दिन भी दवाइयां समय पर लें और ब्लड शुगर लेवल चेक करते रहें। बहुत ज्यादा भाग-दौड़ या ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें। इसके अलावा कुछ सावधानियां भी बरतें जैसे- बाजार की मिठाइयां या ज्यादा तली-भुनी चीजें खाने से बचें। बहुत ज्यादा देर धूप में न रहें, इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। होली के दौरान थकावट या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत कुछ खाएं और आराम करें।

### अस्थमा-हाई बीपी मरीजों के लिए सावधानी

अस्थमा और हाई बीपी के मरीजों को भी होली पर अपना पूरा ध्यान रखना जरूरी है।



इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, करोल बाग, दिल्ली में पल्मोनोलॉजिस्ट, **डॉ. प्रीतपाल कौर** कहती हैं- होली के रंगों में कई बार केमिकल होते हैं, जो अस्थमा के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। रंगों से निकलने वाली धूल और गुलाल सांस के जरिए फेफड़ों में जाकर परेशानी बढ़ा सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले घर से निकलने पर इनहेलर साथ रखें। ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करें और गुलाल को सीधे चेहरे पर न लगने दें। होली खेलने के बाद नहाने के तुरंत बाद भाप लें, जिससे फेफड़ों में जमे रंग के कण बाहर निकल सकें। ज्यादा धूल भरी जगहों पर जाने से बचें और मास्क पहनें। वहीं बचाव के तौर पर सूखे गुलाल या पावडर वाले रंगों से बचें, क्योंकि ये सांस की नली में जाकर दिक्कत बढ़ा सकते हैं। रंगों के माहौल में ज्यादा देर तक न रहें, खासकर खुले मैदानों में जहां हवा में रंग उड़ता रहता है। इसके अलावा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएं, जहां धुआं, धूल और रंगों का मिलावटी असर ज्यादा हो। इसके अलावा हाई बीपी के मरीजों को होली के दौरान बहुत ज्यादा एक्साइटमेंट या दौड़-भाग से बचना चाहिए। ज्यादा शोर-शराबा, अधिक तली-भुनी चीजें और तनाव, ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक मेहनत करने से बचें और अपने शरीर को ज्यादा थकाएं नहीं।



खूब पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेट रहे और ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहे। किसी भी पार्टी में जाएं तो अपने खाने-पीने का ध्यान रखें और बहुत ज्यादा नमक वाली डिशेज न खाएं। दवाइयां समय पर लें और ब्लड प्रेशर मॉनिटर करते रहें। बहुत ज्यादा कैफीन वाले ड्रिंक का सेवन न करें, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती हैं। बहुत ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें।

### एलर्जी से ग्रसित लोग ऐसे करें बचाव

होली के रंगों में अकसर केमिकल और हानिकारक पदार्थ होते हैं, जो एलर्जी को ट्रिगर कर सकते हैं। ऐसे लोगों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। होली खेलने से पहले अपने शरीर पर नारियल या सरसों का तेल लगाएं, जिससे रंग स्किन पर चिपके नहीं। अगर आपको धूल, रंग या किसी भी चीज से एलर्जी है, तो मास्क पहनें और फुल स्लीव्स ड्रेस पहनें। रंगों से अगर स्किन पर एलर्जी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और एंटी-एलर्जिक दवा लें। सिंथेटिक या केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

## आंखों की सुरक्षा के लिए रखें इन बातों का ध्यान



**होली पर** खेले जाने वाले केमिकल वाले रंगों से आंखों को भी नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए इस बारे में छत्रपति शिवाजी सुभारती हॉस्पिटल, मेरठ में कंसल्टेंट ऑप्थाल्मोलॉजिस्ट, **डॉ. मालविका धर** सजेस्ट करती हैं, होली खेलने से पहले सनग्लासेस पहनें ताकि रंग और गुलाल आंखों में न जाए। अगर रंग आंखों में चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धो लें और आंखों को न रगड़ें। केमिकल वाले रंगों से होली खेलने से बचें, क्योंकि ये आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल वाले रंगों से बचें और सिर्फ ऑर्गेनिक या हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें।

होली खेलने के बाद तुरंत ज्यादा गरम पानी से न नहाएं, बल्कि गुनगुने पानी से धीरे-धीरे रंग हटाएं।

अवेयरनेस

**डॉ. श्रीराम काबरा**
क्लीनिकल डायरेक्टर-नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन, मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशलः वर्ल्ड किडनी-डे

हमारे शरीर में ब्लड क्लीनिंग और टॉक्सिंस को बाहर निकालने के लिए एक जोड़ी छोटा-सा ऑर्गन किडनी होता है। कई बार हमारे अनहेल्दी लाइफस्टाइल, गलत आदतों या अन्य कारणों से ये ठीक तरह से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए प्रॉपर केयर करना जरूरी है।

# जरा भी न बरतें लापरवाही किडनी की करें प्रॉपर केयर





डब्ल्यूएचओ के हिसाब से दुनिया भर में लगभग 85 करोड़ लोगों को किडनी डिजीज होने का अनुमान है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी की किसी न किसी डिजीज का शिकार है। जबकि 10 में से 9 व्यक्ति इस बात से अंजान होते हैं कि उन्हें किसी तरह की किडनी डिजीज है और वो समय पर अपना इलाज नहीं करवाते। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है। वैश्विक आधार पर देखें तो हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है-'क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें।'

**किडनी खराब होने के कारणः** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे खराब होने लगती है। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना, पोषक-संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन ज्यादा करना, आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना, पानी या लिक्विड डाइट कम लेना, व्यक्ति को लंबे समय से अनकंट्रोल ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर का होना या फैमिली हिस्ट्री होना, किडनी स्टोन होना जिससे किडनी के फिल्टर्स में सूजन यानी आईजीएन नेफ्रोपैथी आ जाना, पाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना, कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना, पेनकिलर, एंटी बायोटिक या किसी भी मेडिसिन का ज्यादा सेवन करना, आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे-ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया (किडनी पथरी), नेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर, रूमेटॉयड आर्थराइटिस या मिक्स कनेक्टिव टिशू डिसऑर्डर जैसी ऑटोइम्यून डिजीज होना।

**शरीर पर क्या होता है असरः** किडनी खराब होने की वजह से शरीर के कई ऑर्गन प्रभावित होते हैं और कई तरह की समस्याएं उभर कर आती हैं-

- शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे-चेहरे, पैर और टखनों में सूजन आ जाती है। शिथिलता या सुस्ती,कमजोरी, थकावट ज्यादा महसूस होती है। पानी लंग्स तक पहुंच जाता है, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है।
- यूटीआई इंफेक्शन होना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एथ्रोप्रोटीन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना।
- फिल्टर न कर पाने के कारण ब्लड में यूरिया, क्रिएटिनिन और दूसरे टॉक्सिन का लेवल बढ़ जाता है।
- बाहर न निकलने पर शरीर में जमा होने वाले टॉक्सिन ब्लड प्रेशर का लेवल बढ़ाते हैं। हार्ट पर प्रेशर डालने के अलावा हाई ब्लड प्रेशर शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। हार्ट फैलियर, विजन लॉस या ब्लाइंडनेस की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।
- विटामिन डी का निर्माण कम होने से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और फ्रैक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। कूल्हे और कंधे की मसल्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। शरीर खासकर कमर के निचले हिस्से और हाथ-पैरों में दर्द रहना। बैठ कर उठने, सीढ़ियां चढ़ने, हाथ उठाकर कंघी करने, ऊपर से सामान निकालने, शर्ट पहनने में कठिनाई होती है। कमर के निचले हिस्से खासकर दोनों साइड दर्द रहना।

**डायग्नोसिस के तरीकेः** किडनी फंक्शन की जांच के लिए ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट (जीएफआर) टेस्ट किया जाता है। इसके अलावा किडनी डिजीज का पता लगाने के लिए 3-4 टेस्ट किए जाते हैं- किडनी का अल्ट्रासाउंड, यूरिन का रूटीन टेस्ट, यूरिन में प्रोटीन के रिसाव की जांच, ब्लड में यूरिया, क्रिएटनिन और इलेक्ट्रोलाइट्स टेस्ट।

**कैसे होता है उपचारः** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फैल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से भी स्थिति में सुधार हो सकता है। लेकिन जब किडनी अपने रूटीन फंक्शन करने में असमर्थ हो जाती है और लाइफ-थ्रेटनिंग सिंप्टंप्स आने शुरू हो जाते हैं, तो डायलिसिस का सहारा लिया जाता है। ऐसी स्थिति में किडनी का फिल्ट्रेशन फंक्शन 15 एमएल या उससे भी कम रह जाता है या क्रिएटनिन अचानक बढ़ जाता है। ऐसी कंडीशन में तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। * **प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## ऐसे करें किडनी केयर



- लाइफस्टाइल सही रखें। रोजाना कुछ देर व्यायाम और योगाभ्यास जरूर करें।
- पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन करें। प्रोटीन सीमित मात्रा में ही लें। मांसाहारी खाद्य पदार्थों के बजाय प्लांट बेस्ड प्रोटीन को प्रेफर करें।
- किडनी संबंधी कोई भी समस्या हो तो पोटेशियम रिच फलों से बचें। पालक, साग, टमाटर, रेड मीट, अंडा जैसी चीजों से परहेज रखें।
- यथासंभव जंक, पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड खाने से परहेज करें।
- रोजाना 4-5 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खाने में ऊपर से नमक न डालें। चीनी भी सीमित मात्रा में यानी दिन भर में 20-25 ग्राम से ज्यादा न लें। हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। सर्दियों में 2 लीटर से ज्यादा और गर्मियों में ढाई से तीन लिटर पानी या लिक्विड पीना चाहिए।

डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# अगर केमिकल वाले कलर्स से हो एलर्जी



**मेरी उम्र 33 वर्ष है। होली पर जब भी मैं रंग-गुलाल खेलता हूं तो स्किन पर लाल-लाल दाने और चकत्ते निकल आते हैं। कृपया कोई उपाय बताएं, ताकि मुझे इस प्रॉब्लम का सामना न करना पड़े।**

**-अक्षत, रायपुर**

कुछ लोगों को केमिकल कलर्स से एलर्जी होती है। होली के अवसर पर बाजार में बिकने वाले ज्यादातर रंग-गुलाल में केमिकल मिला होता है। केमिकल के संपर्क में आने से ही शरीर पर एलर्जी हो जाती है और इचिंग शुरू हो जाती है। इससे बचाव के लिए कोशिश करें कि नेचुरल कलर से ही होली खेलें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लें।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। मुझे हाई बीपी और अस्थमा की समस्या है। होली के अवसर पर मुझे कोई प्रॉब्लम न हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, प्लीज बताएं।**

**-सत्यवीर, भोपाल**

रंग-गुलाल से ब्लड प्रेशर का सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आप अस्थमा के भी पेशेंट हैं, इसलिए आपको अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। होली खेलते वक्त मास्क लगाएं। क्योंकि आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं इसलिए अधिक नमक वाली चीजों का सेवन कम करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल जरूर लगाएं।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मेरे तलवों, एड़ियों और हथेलियों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, बिलासपुर**

आपकी बीमारी जानकर ऐसा लग रहा है कि आपको नर्वस सिस्टम से जुड़ी कोई परेशानी है, इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको पहले मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि बगैर जांच कराए, कारण जानें, कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, जलन होती है और सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। प्लीज मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-तुषार, बलौदा बाजार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, क्योंकि रोशनी कमजोर होने से सिर दर्द और पानी आने जैसे लक्षण दिखते हैं। कई बार मस्तिष्क रोग के कारण भी सिर दर्द होता है। लेकिन शुरुआती लक्षणों से लग रहा है कि आप की आंखें कमजोर हैं, इसलिए आप पहले आंखों की जांच कराएं, उसके बाद ही उपचार होगा।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मेरा पेट अकसर गड़बड़ रहता है। कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। कोई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-कुशेश्वर, हिसार**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है। इस वजह से लूज मोशन होते हैं। सबसे पहले आप अपने खान-पान में सुधार करें। अधिक ऑयली और स्पाइसी खाना बिल्कुल न खाएं। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें। इसके अलावा रात में गरिष्ठ भोजन न करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

## खबर संक्षेप

### गीता अमृत महोत्सव ज्ञान भक्ति यज्ञ का आयोजन

**सोनीपत।** श्री सेवा समिति महाबीर दल द्वारा वार्षिक होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दल के प्रवक्ता ने बताया कि इस मौके पर श्री गीता अमृत महोत्सव ज्ञान भक्ति यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जोकि नंदवानी नगर में मैमोरियल अस्पताल के पीछे श्री हनुमान मंदिर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 13 मार्च से शुरू होगा जोकि 16 मार्च तक चलेगा।

### क्लब सदस्यों ने फूल बरसा कर खेली होली

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने तिलक होली फूलों की होली धूमधाम से मनाई गई। क्लब की सदस्य प्रेमा शर्मा के निवास जिंदल ग्लोबल सिटी में क्लब के 28 सदस्यों ने पानी बचाने की मुहिम जारी रखते हुए सबको चंदन का तिलक लगाया और फूल बरसा कर नाचते गाते हुए होली के स्वादिष्ट पकवान खाते हुए खूब मनोरंजक खेल भी खेले।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई होली, बिखेरे रंग

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड में होली का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ऋषिकुल के अध्यापकों ने अपने नृत्य, संगीत, कविता व भाषण के माध्यम से खूब रंग बिखेरे। सभी ने एक -दूसरे को गुलाल लगाया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा भी मौजूद रहे। निर्देशिका रीमा शर्मा ने भी कहा कि हम सब अध्यापकों का कर्तव्य है कि होली के रंगों की तरह हम अपने छात्रों का जीवन भी विभिन्न रंगों से सजाएं।

### दूध लेने जा रही महिला की सोने की चेन झपटी

**गन्नौर ।** बसंत विहार कालोनी में एक महिला की सोने की चेन झपटकर बदमाश फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब बसंत विहार निवासी महिला गीता दूध लेने बाजार जा रही थी। जैसे ही वह गैस गोदाम के पास पहुंची, एक बाइक उसके पास रुकी, जिस पर दो युवक सवार थे। जब तक महिला कुछ समझ पाती, बदमाश उसकी चेन झपट कर फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी।

### जौली में खाद-बीज की दुकान में सेंध लगाई

**गोहाना।** गांव लाठ-जौली चौक के पास खाद व बीज की दुकान में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर दुकान में रखे गोशाला के दानपात्र, नकदी व सामान चुरा ले गए। चोर अपने साथ डीवीआर भी ले गए। सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

गांव लाठ के विजय ने पुलिस को बताया कि उसने लाठ-जौली चौक के पास खाद व बीज की दुकान कर रखी है।

### रोजगार मेले में 68 युवाओं का चयन

**सोनीपत।** रोजगार विभाग द्वारा बुधवार को आईटीआई सोनीपत में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्राईवेट लिमिटेड, एलआईसी सोनीपत, एचडीएफसी व ऐक्सिस बैंक, ईरो इंडिया सहित 10 कंपनियों ने भाग भाग लिया। रोजगार मेले में इन कंपनियों द्वारा रोजगार कार्यालय में पंजीकृत 231 युवाओं में से 68 युवाओं का मौके पर चयन किया।

### शीशा तोड़कर कार का म्यूजिक सिस्टम चोरी

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव खिजरपुर जाट माजरा में प्लॉट में खड़ी कार का शीशा तोड़कर म्यूजिक सिस्टम चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में कार मालिक कृष्ण ने पुलिस को बताया कि वह गुरु सदन के पास प्लाट में अपनी कार खड़ी कर दोस्तों के साथ मुरथल ढाबे पर खाना खाने चला गया।

### दस मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 10 मई को वर्ष 2025 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

## ओपीएस में मनाया होली पर्व, पुरातन सांस्कृतिक के रंग में रंगे विद्यार्थी

# होली के पारंपरिक लोकगीतों व समूह नृत्य से मोहा मन

**रंगोत्सव में कक्षा पहली व दूसरी के 304 छात्रों ने अभिनय व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी**

अपनी संस्कृति की मजबूती के लिए विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेना का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** पारंपरिक परिधान में समूह नृत्य में कला प्रतिभा का जलवा बिखेरते ओपीएस के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओपीएस (ओम पब्लिक स्कूल) में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा होली के पारंपरिक लोकगीतों व समूह नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों का मोह लिया। समारोह की मुख्य अतिथि शिक्षाविद् सरिता ढ़ाका व विशिष्ट अतिथि अभिभावक विशाल थे। अध्यक्षता स्कूल की एमडी निर्मल लाठर ने की। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने अतिथियों का स्वागत किया। संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। रंगोत्सव में कक्षा पहली व दूसरी के 304 छात्रों ने अभिनय व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा सदन झूम उठा। मुख्य अतिथि सरिता ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मंच प्रस्तुति का अहम स्थान है। अपनी संस्कृति की मजबूती के लिए विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## उद्योगपतियों ने खेली फूलों की होली

- होटल काजेट में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



अधिकारियों का स्वागत करते एसो के प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह।

एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी द्वारा जीटी रोड स्थित होटल काजेट में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एमएसएमई एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर वीपीएस वालिया, सर्व हरियाणा ब्राह्मण कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम, एचएसआइ आइडीसी बड़ी के संपदा अधिकारी विनोद कत्याल, वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल, प्रबंधक तरूण मलिक, जेई अजीत कुंडू ने विशेष तौर पर शिरकत की। बड़ी एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह, निशांत गोयल ने समारोह में पहुंचे अतिथियों व उद्योगपतियों का चंदन का टीका व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इसके बाद गुलाब के फूलों से होली खेली गई। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध बैंड अजहर एंड पार्टी ने अपने गीतों के माध्यम से सभी को झूमने का मजबूर कर दिया। प्रधान नवीन कौशिक व महासचिव हरप्रीत सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किय। निशांत गोयल, आकाश त्यागी, संजय मित्तल, हरीश करहाना, हरीश शर्मा, एमपीएस गिल, स्वराज पाल सिंह, अनिल कौशिक, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक

- होली की मस्ती : दिव्यांग बच्चों ने उड़ाया रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** होली के रंगों के साथ मस्ती करते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना स्थित डीबीएम विशेष विद्यालय और डीबीएम पब्लिक स्कूल में होली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थी होली की मस्ती भरे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर झूमे और खूब रंग व गुलाल उड़ाया। समारोह के लिए मार्गदर्शन संस्थान के प्रबंधक निदेशक विकास मलिक का रहा। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हमें सभी भेदभाव मिटाकर आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश देता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक भी है। विकास मलिक ने कहा कि सनातन संस्कृति में हर पर्व का अपना अलग महत्व है। अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए अपने त्योहारों को धूमधाम से मनाएं। हम अपने त्योहारों के माध्यम से ही अपनी सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं। समारोह में विद्यार्थियों ने होली के पारंपरिक लोकगीत गाए। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग, नृत्य, संगीत और नाटक जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां भी करवाई गई।




### होली महोत्सव का किया आयोजन

सोनीपत। हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में होली का रंगारंग उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज की कल्चरल कमेटी पारुल भारद्वाज और विनीत शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों को मस्ती, संगीत, खेल और दोस्ती के रंग से सराबोर कर दिया। इस मौके पर कई रोमांचक खेल भी आयोजित किए गए। छात्रों और शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज निर्देशिका डॉ. शिवानी ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है और इस तरह के आयोजन न केवल हमें एकजुट करते हैं बल्कि हमारी खुशियों को साझा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। पूनम माथुर, कुलदीप दहिया, चारू जैन, अजय मौजूद रहे।

# विधायक ने सत्र में उठाई कुंडली में दो कालोनी को वैध कर मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

- दिल्ली के नजदीक होने के कारण कुंडली को साफ-सुथरा बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



विधायक कृष्णा गहलावत विधानसभा सत्र में हलके की समस्या समाधान की मांग उठाते हुए।

हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान राई हलके की समस्याओं को विधानसभा सत्र में उठाया और हलके के लोगों की मुख्य समस्याओं के समाधान की मांग रखी। सत्र के दौरान विधायक कृष्णा गहलावत ने कुंडली नगरपालिका छोटी सी नगरपालिका हैऔर वहां पर आफिसयल केवल 23 हजार की आबादी है लेकिन वहां डेढ़ लाख से ऊपर आबादी है। वहां पर दो कालोनी प्याऊ मनियार व लांडा कालोनी। उसमें कोई सीवरेज सिस्टम नही है। बरसात आ जाती है और पूरा बरसात का पानी वहीं जमा हो जाता है, बरसात के दिनों में लोग घर से बाहर भी नही निकल पाते। सरकार ने 50 करोड़ रूपयें सीवरेज के लिए मंजूर किए है। उसके लिए विधायक गहलावत ने सरकार का आभार जताया। सीवर दबाने का कार्य उन्हीं कालोनी में भी शुरू करवाया जाए। विधायक ने बताया कि लांडा कालोनी व प्याऊ मनियारी में कोई भी मूलभूत सुविधा नही है। मुख्यमंत्री से पिछल्ले दिनों अनुरोध किया था कि ये 45-45 वर्ष पुरानी अवैध कालोनियां है। उनको वैध कर मूलभुत सुविधाएं देने का काम जरूर किया जाए ताकि हम कुंडली को साफ, सुथरा, समृद्ध बना सके।

# जल वितरण घरों में पर्याप्त टैंक बनाए जाएं

- पाइपलाइनें पुरानी होने से हो चुकी जर्जर, नहीं हो पाती पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विधानसभा में पेजयल समस्याओं के समाधान की मांग करते विधायक इंदुराज नरवाल।

बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि क्षेत्र में जल वितरण केंद्रों में पानी स्टोर करने के लिए पर्याप्त टैंक नहीं हैं। गांवों में पेयजल सप्लाई के लिए वर्षों पहले दबाई गई पाइपलाइनें भी जर्जर हो चुकी हैं। ऐसे में गांवों में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विधायक ने बुधवार को विधानसभा में यह समस्या उठाई।

विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव बरोदा, गंगाना, बुटाना, कथूरा, शामड़ी, मुंडलाना, भैंसवाल कलां, धनाना, जागसी, आंवली और रभड़ा में पेयजल सप्लाई के लिए जल वितरण केंद्र बना रखे हैं। इन केंद्रों में पानी स्टोर करने के लिए टैंकों की संख्या पर्याप्त नहीं है। ऐसे में जल वितरण केंद्रों में सप्लाई के लिए पर्याप्त पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है।

विधायक ने कहा कि गांवों में पेयजल की सप्लाई पहुंचाने के लिए इन केंद्रों से वर्षों पहले पाइपलाइनें दबाई गई थी। पाइपलाइनें पुरानी होने के चलते जर्जर हो चुकी हैं और जगह-जगह पानी लीक होता रहता है। इन दोनों कारणों से गांवों में पेयजल सप्लाई व्यापक स्तर पर बाधित हो रही है। सरकार जल वितरण केंद्रों में पानी स्टोर करने के पर्याप्त टैंक बनवाए और जर्जर हो चुकी पाइपलाइनों के स्थान पर नई पाइपलाइनें दबाई जाएं।

### प्राकलन तैयार

विधायक ने कहा कि गांव आंवली, कटवाल और बिलबिलान में जेएलएन नहर से केंद्रों के टैंकों में पानी लाने के लिए पाइपलाइन एवं पंप हाउस निर्माण हेतु 5.50 करोड़ का प्राकलन तैयार कर पिछले 6 महीनों से स्वीकृति के लिए भेजा गया है। गांव मुंडलाना में पेयजल पाइपलाइन पूरी तरह कंडम हो चुकी है, जिससे जल आपूर्ति ठप पड़ी है। नई पाइपलाइन बिछाने हेतु 3.81 करोड़ का प्रस्ताव पिछले 1 वर्ष से स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। खानपुर खुर्द मदीना, जवाहरा, जसराना, बिलबिलान, आहुलाना, रिवाड़ा, भैंसवाल कलां एवं अन्य गांवों में पानी की भारी किल्लत को देखते डीप ट्यूबवेल लगाने के प्रस्ताव एक वर्ष पूर्व भेजे गए थे। लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है।



**गोहाना।** होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग लगाते शिक्षकगण।

### होली का रंग प्रेम का रंगः शर्मा

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्टाफ सदस्यों ने एक दूसरे को रंग लगाकर त्योहार मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा देवी थीं। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि होली का रंग प्रेम का रंग है। इसमें अंहकार भाव नहीं होना चाहिए। होलिका भी अंहकार के प्रतीक के रूप में जलाई जाती है। अहम के खत्म होते ही संसार के सारे रिश्ते स्नेह व प्रेम से जुड़ जाते हैं। एमडी सुनील शर्मा ने कहा की हमारे त्योहार अपनी पुरातन संस्कृति के प्रतीक हैं। हर पर्व का अपना सांस्कृतिक महत्व है।

## छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

- गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फ्रेशर पार्टी का शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** फ्रेशर पार्टी में विभिन्न खिताबों के साथ विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सोनीपत में फ्रेशर छात्रों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गेटवे एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर हेड डॉ. कर्नल अमिक गर्ग, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ. राहुल शर्मा, और इंजीनियरिंग विभाग के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंघल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, कार्यक्रम में दो अतिथि राकेश दहिया और विकास परूथी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे। फ्रेशर पार्टी का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद, कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारियों और अतिथियों ने नवागंतुक छात्रों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संगीत, नृत्य, नाटक और माइम शो प्रमुख आकर्षण रहे।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या। *फोटो :हरिभूमि*

### धूमधाम से मनाया होली पर्व

**सोनीपत।** विकास नगर स्थित हरियाणा वैदिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. नीलम सांगवान के नेतृत्व में होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. नीलम सांगवान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें होली के महत्व और इसके पीछे की कथाओं को दर्शाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी भाग लिया। डॉ. नीलम सांगवान ने छात्रों को होली के महत्व और इसके पीछे की कथाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर गीतांजली, सुदेश कुमारी, अनु, ज्योति, सोनिया, मनु, रेहान सिंह आदि मौजूद रहे।

## किसानों को खाद लेने पर पक्का बिल विक्रेता से लेने की सलाह दी

# स्टेशन पर पहुंचा खाद, जल्द विक्रेताओं को मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** स्टेशन पर ट्रक के अंदर खाद लोड करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

जिले में खाद की कमी न रहे उसके लिए समय रहते कृषि विभाग की तरफ से खाद की डिमांड भेजी थी। जिसके चलते सोनीपत रेलवे स्टेशन पर बुधवार को यूरिया खाद का रैक लगा है। जिसके अंतर्गत 27 हजार 500 बैग यूरिया पहुंचा है। खाद का रैक लगने के बाद अगले दो दिनों के अंदर खाद को खाद विक्रेताओं की दुकानों तक पहुंचा दिया जाएगा।

उसके बाद किसानों को खाद मिल सकेगा। बता दें कि रबी सीजन अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वहीं 15 मार्च से किसान सरसों की खरीद प्रक्रिया भी मंडियों में शुरू हो जाएगी। किसान मंडियों में फसल बेचकर खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर खाद लेकर जाते है। ऐसे में किसानों को खाद किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा डिमांड मुख्यालय भेजी गई थी। जिसके बाद बुधवार को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर खाद का रैक लगा है। वहीं विभाग की तरफ से किसानों को खाद लेने पर पक्का बिल विक्रेता से जरूर लेने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त खाद विक्रेताओं को भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि किसान को खाद के साथ किसी प्रकार की अन्य वस्तु जबरदस्ती बेचने का प्रयास न करे। ऐसा करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। जिले में करीब 400 खाद विक्रेता है। खाद की गुणवत्ता को लेकर कृषि विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

### कारगर कदम उठाए जा रहे

खरीफ का सीजन आने वाला है। जिसको लेकर विभाग की तरफ से सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। किसानों को सीजन में खाद की किल्लत न हो उसके लिए समय रहते ही खाद की डिमांड भेज दी थी। स्टेशन पर खाद का रैक पहुंच चुका है। आगामी दो-चार दिनों में खाद किसानों के पास पहुंच जायेगा। किसानों को बेहतर गुणवत्ता का खाद उपलब्ध हो सके, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे है।

*डा. पवन शर्मा, जिला कृषि अधिकारी।*



**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### होली मिलन समारोह मनाया

सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकगण और प्रबंधन समिति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरुआत मनमोहक गणपति वंदना के साथ हुई, जिसके बाद अलग-अलग शाखाओं के अध्यापकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। आकर्षक नृत्य तथा मधुर गीतों के द्वारा सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के शाखा प्रभारियों ने भी पारंपरिक होली गीत गाकर समां बांध दिया। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने अपने संबोधन में होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। हम सदैव अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और खुशी के रंगों से आगे बढ़ते रहें। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने गुलाल लगाकर होली की बधाई दीं और मिठाई का वितरण किया। ग

# 5 मतदान केंद्रों की ईवीएम सील, गिनती नहीं हुई

## 268 में से 263 केंद्रों की ईवीएम की हुई मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

मेयर उपचुनाव की मतगणना से पहले बैयांपुर के पांच विवादित बूथों की मशीनों को सील किया गया। जिसकी वजह से मतगणना के दौरान 268 मतदान केंद्रों की ईवीएम की बजाए 263 मतदान केंद्रों की ईवीएम से मतों की गिनती की गई। बता दें कि इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान द्वारा आपत्ति दर्ज कराने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने आदेश दिया था। आदेशों में स्पष्ट किया गया था कि गांव बैयांपुर के केवल पुराने मतदान बूथों के वोटों की गिनती की जाएगी, जबकि हाल ही में जोड़े गए बूथों के मतों को अमान्य घोषित कर दिया गया है। आयोग के आदेशों की पालना करते हुए इन पांचों बूथों की ईवीएम को बुधवार को सील किया गया। मतदान केंद्र संख्या 228, 229, 230, 231 और 232 की ईवीएम को सील किया गया है। ये पांचों मतदान केंद्र बैयांपुर के अंतर्गत आते हैं।

■ 228, 229, 230, 231 और 232 मतदान केंद्र बैयांपुर के तहत आते है

### ग्राम पंचायत के अधीन है क्षेत्र

2 मार्च को मतदान के बाद आयोग को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सोनीपत मेयर प्रत्याशी कमल दिवान और निर्दलीय प्रत्याशी रमेश खत्री की ओर से शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों में आरोप लगाया गया कि गांव बैयांपुर के मतदान बूथ संख्या 228, 229, 230, 231 और 232 के मतदाताओं को गलत तरीके से नगर निगम, सोनीपत के क्षेत्र में शामिल किया गया है। बताया गया था कि यह क्षेत्र पहले से ग्राम पंचायत के अधीन आता है। ऐसे में यहां पर नगर निगम के चुनाव करवाना गलत है।

### रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, सोनीपत से रिपोर्ट मांगी। उपायुक्त की रिपोर्ट में नगर निगम, सोनीपत के रिटर्निंग ऑफिसर की टिप्पणियां भी शामिल थीं। रिपोर्ट में कहा गया कि गांव बैयांपुर का कुछ हिस्सा राजस्व रिकॉर्ड के तहत नगर निगम क्षेत्र में आता है, जबकि 'आबादी देह' क्षेत्र निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मतदाता सूची विधानसभा क्षेत्र के आधार पर तैयार की गई थी, और संशोधन के समय किसी भी दल या मतदाता से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई थी। सभी दस्तावेजों और रिपोर्टों की समीक्षा के बाद, राज्य निर्वाचन आयोग ने पाया कि 27 दिसंबर 2020 को हुए पिछले नगर निगम चुनावों में गांव बैयांपुर के केवल चार बूथ को नगर निगम, में शामिल किया गया था। लेकिन इस उपचुनाव के दौरान कुछ अतिरिक्त क्षेत्र भी नगर निगम के तहत जोड़ दिए गए, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। इस पर आयोग ने आदेश दिया कि उपचुनाव के लिए बैयांपुर के केवल चार बूथों के वोटों की गिनती की जाएगी। वहीं, हाल ही में जोड़े गए बूथ संख्या 228, 229, 230, 231 और 232 के वोटों को गिनती से बाहर रखा जाएगा।

## राजीव जैन ने खुली जीप में निकाला विजयी जुलूस

**सोनीपत।** मतगणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी की जीत घोषित करने से पहले ही केंद्र के बाहर भाजपा प्रत्याशी के समर्थक इकट्ठा होने शुरू हो गए थे। हालांकि समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं को बिट्स संस्थान के मुख्य गेट के बाहर रोके रखा। पुलिस कर्मियों ने उन्हें बिट्स कॉलेज में प्रवेश करने नहीं दिया। मतगणना केंद्र से जीत का प्रमाणपत्र लेकर लौटे भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। उसके बाद भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन समर्थकों के काफिले के साथ शहर की तरफ पहुंचे। गोहाना रोड बाईपास के नजदीक पहुंचने पर राजीव जैन का उनकी पत्नी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन व समर्थकों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। उसके बाद वहां से राजीव जैन ने खुली जीप में सवार होकर शहर में विजय जुलूस निकाला। रास्ते में जगह-जगह समर्थकों ने उनका स्वागत किया। राजीव जैन के विजय जुलूस के दौरान शहर में जाम की स्थिति बनी रही। जिससे वाहन चालकों को अपने गंतव्य की ओर आवाजाही करने में परेशानी हुई।



**सोनीपत।** राजीव जैन को गले मिलकर बधाई देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान।

### पहली बार जनप्रतिनिधि बने राजीव जैन

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन यूं तो 38 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन वे मेयर के रूप में जनप्रतिनिधि पहली बार चुने गए हैं। हालांकि, उनकी पत्नी कविता जैन हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं। राजीव जैन ने इससे पहले दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत नहीं पाए थे। राजीव जैन पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल व मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सलाहकार रहे हैं।

### 400 मीटर तक बंद रखा हाइवे का एक हिस्सा

मेयर उप चुनाव की मतगणना बुधवार को गांव मोहाना स्थित बिट्स संस्थान में की गई। मेयर उप चुनाव की मतगणना के मद्देनजर पुलिस ने ट्रैफिक की आवाजाही के लिए प्रबंध कर रखे थे। मोहाना के बिट्स संस्थान के बाहर बैरिकेड रखकर पुलिस ने एनएच-352ए पर 400 मीटर तक एक हिस्से को बंद रखा। ऐसे में वाहन चालकों को एक ही सड़क से आवागमन करना पड़ा।

### चुनाव में ऐसा रहा उम्मीदवारों का प्रदर्शन

मेयर उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार धर्मवीर ने 1 हजार 424 मतों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं आप के उम्मीदवार डॉ. कमलेश कुमार सैनी ने 366, निर्दलीय उम्मीदवार रमेश खत्री नंबरदार ने 342 तथा नोटा ने 662 वोट हासिल किए। खरखौदा में अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ रहे अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों में किरण को 747, ममता को 207 तथा नोटा को 146 वोट मिले।

## खरखौदा : भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने जीत दर्ज कर खिलाया कमल



**खरखौदा।** विजयी उम्मीदवार हीरालाल को प्रमाणपत्र देते एसडीएम निर्मल नागर।

**खरखौदा।** नगरपालिका खरखौदा के चेयरमैन के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हीरालाल ने जीत दर्ज कर कमल खिलाया। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार मैक्सीन को 4 हजार 425 वोटों से मात दी। कुल 12 हजार 545 वोटों में से हीरालाल ने 7 हजार 935 वोट हासिल किए। जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय उम्मीदवार मैक्सिन को 3 हजार 510 वोट मिले। अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों में किरण पत्नी रिंकेश को 747, ममता को 207 तथा नोटा को 146 वोट मिले। ज्ञातव्य है कि ममता ने भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दे दिया था।

### खरखौदा में जीते ये पार्षद

| वार्ड | विजेता | दूसरा स्थान | अंतर |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिओम | सोनू | 34 |
| 2 | लक्ष्मी देवी | सोनिया मलिक | 63 |
| 3 | नवीन | जितेंद्र | 255 |
| 4 | जसवीर सिंह | मोहन | 3 |
| 5 | सीमा देवी | सुशीला कुमारी | 126 |
| 6 | प्रमोद कुमार | ललित कुमार | 338 |
| 7 | अनूप सिंह | रवि कुमार | 52 |
| 8 | कृष्ण | श्रीभगवान | 227 |
| 9 | संजय पवार | संदीप | 01 |
| 10 | वीना | मीनू | 11 |
| 11 | सोमवती | सरिता | 04 |
| 13 | गोपाल | पुनीत | 95 |
| 14 | मनीषा रानी | अंजू | 34 |
| 15 | अनिल कुमार | कुलवंत | 463 |
| 16 | मुकेश कुमार | पवन | 415 |

( नोट : खरखौदा नगर पालिका के वार्ड नंबर 12 से पूनम को सर्वसम्मति से पार्षद चुना गया था।)

## 268 पर मतदान, 263 की गणना, 256 में जीती भाजपा

■ अपने ही बूथ पर हारे कांग्रेस प्रत्याशी, सिर्फ 6 बूथ पर ही जीते

**सोनीपत।** मेयर उपचुनाव के मतदाताओं की गिनती के समय पहले तो पांच बूथों की मशीनों को सील करने के बाद 268 में से 263 मतदान केंद्रों के ही मतों की गिनती की गई। हालांकि मतदान प्रतिशत पहले ही काफी कम था। इसके बावजूद भाजपा ने लगभग हर बूथ पर जीत दर्ज की है। 263 में से सिर्फ बूथ ऐसे थे, जहां पर भाजपा जीत दर्ज नहीं कर पाई। इनमें से भी 6 में भाजपा को हार मिली है, वहीं एक बूथ पर कांग्रेस और भाजपा के वोट बराबर रहे। बता दें कि 2 मार्च को 268 मतदान केंद्रों पर 84 हजार 923 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था, लेकिन 5 मतदान केंद्रों की ईवीएम को गिनती में से निकला दिया था। जिसके बाद कुल मतदाताओं की संख्या 83 हजार 761 बच गई थी। खास बात ये है कि कांग्रेस प्रत्याशी अपना बूथ भी नहीं बचा पाए। उन्होंने 104 नंबर बूथ पर मतदान किया था, वहां से भी वे हार गए। हालांकि भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन अपने बूथ नंबर 61 पर जीत हासिल की है।

### भाजपा की नीतियों की जीत : प्रदीप सांगवान

गोहाना। निकाय चुनाव में भाजपा की बंपर जीत को पार्टी के बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी व खरखौदा नगरपालिका के चुनाव प्रभारी प्रदीप सांगवान ने भाजपा की नीतियों का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा सर्वहितैषी पार्टी है। प्रदीप सांगवान ने कहा कि प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में ज्यादा तर जगह पर कमल खिला है। इस चुनाव के परिणामों से साबित हो चुका है कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यों से जनता खुश है। नायब सरकार के नायाब कार्यों से लोगों ने खुश होकर विकास के नाम पर वोट देने का काम किया है।

## खबर संक्षेप

### दानपात्र चोरी करने की घटना में आरोपित पकड़ा

**गोहाना।** थाना सदर की पुलिस ने मंदिर से दानपात्र चोरी की घटना में आरोपित गांव खानपुर कलां के दीपक को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा। गांव खानपुर कलां में महंत दादा खेड़ा मंदिर के महंत नोमीनाथ ने 18 अप्रैल 2024 को पुलिस को शिकायत दी थी कि मंदिर से दानपात्र चोरी कर लिया गया। चोरी का आरोप गांव के प्रवीन व दीपक पर लगा था। पुलिस ने आरोपित दीपक को गिरफ्तार किया, जिससे एक हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस पहले आरोपित प्रवीन को गिरफ्तार कर चुकी है।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपित गांव बुटाना के रोहित को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा। सहायक उप निरीक्षक विनोद पुलिस टीम के साथ नई अनाज मंडी के पास गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि गांव बुटाना के रोहित के पास अवैध हथियार है और वह अनाज मंडी के पीछे किसान कालोनी से अपने गांव जाएगा। पुलिस ने उसे काबू करके अवैध पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए।

### मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव किलोहड़द में स्थित मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने बताया कि गांव किलोहडद में लगे टावर की सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी कंपनी के पास है। सुबह तकनीशियन अनुजन साइट की जांच की तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर जांच की तो वहां लगी 24 बैटरी गायब मिली। वहीं गांव लुहारी टिब्बा में चोर एक किसान के खेत में बने कमरे से इन्वर्टर बैटरी चोरी कर ले गए। किसान सुरेंद्र सुबह खेत में गए तो कमरे का शटर टूटा मिला। वहीं, अंदर के कमरे की झांकी उखाड़ी गई थी। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखे इनवर्टर की बैटरी गायब थी।

### दुकान से हजारों की नकदी चोरी, केस दर्ज

सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र के गांव रसोई में स्थित परचून की दुकान से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। गांव रसोई निवासी सुनील ने बताया कि उसने गांव रसोई में परचून की दुकान कर रखी है। गत 11 व 12 की रात को किसी ने दुकान के अंदर से बीस हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। बाकी सामान चोरी नहीं मिला। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

### अवैध खनन के रास्तों को किया बंद



**सोनीपत।** जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन करने वाले वाहनों की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा यमुना नदी क्षेत्र के गांवों मेहंदीपुर, टिकौला, जैनपुर में अवैध खनन करने वाले रास्तों को तुरंत प्रभाव से जेसीबी मशीन की सहायता से बंद किया गया है। साथ ही अवैध खनन को रोकने के लिए दिन रात वाहनों की चैकिंग की जा रही है और वाहनों को पकड़ कर जब्त किया जा रहा है व जुर्माना लगा कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## रिदम ने वर्ल्ड पिकल बॉल चैंपियनशिप में जीता पदक

**सोनीपत।** थाईलैंड में 6 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित वर्ल्ड पिकल बॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स एकेड़मी के खिलाड़ी रिदम चावला ने कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए खेलते हुए फिलिपिंस के खिलाड़ी डेल क्रुज को 21-9 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीतकर अपने देश, राज्य व एकेड़मी का नाम रोशन किया। रिदम की इस अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत का श्रेय उसके अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन को दिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने खिलाड़ी रिदम को बधाई दी और उसे भविष्य में बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।



**सोनीपत।** पदक के साथ खिलाड़ी रिदम चावला।

### सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जीता तीसरा स्थान



**सोनीपत।** मदवि द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में टीकाराम कन्या महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि यह प्रतियोगिता एमडीयू स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित हुई, जिसमें बीएससी स्पोर्ट्स व बीपीएड की छात्राओं ने टीम में अहम भूमिका निभाई। बीएससी स्पोर्ट्स व बीपीएड की छात्रा राखी, सोनू, वर्षा का चयन यूनिवर्सिटी की टीम में हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अलका ने बधाई दी।

## विधायक ने सत्र में उठाई कुंडली में दो कालोनी को वैध कर मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭राई

हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान राई हलके की समस्याओं को विधानसभा सत्र में उठाया और हलके के लोगों की मुख्य समस्याओं के समाधान की मांग रखी। सत्र के दौरान विधायक कृष्णा गहलावत ने कुंडली नगरपालिका छोटी सी नगरपालिका हैऔर वहां पर आफिसयल केवल 23 हजार की आबादी है लेकिन वहां डेढ़ लाख से ऊपर आबादी है। वहां पर दो कालोनी प्याऊ मनियार व लांडा कालोनी। उसमें कोई सीवरेज सिस्टम नही है। बरसात आ जाती है और पूरा बरसात का पानी वहीं जमा हो जाता है, बरसात के दिनों में लोग घर से बाहर भी नही निकल पाते। सरकार ने 50 करोड़ रूपयें सीवरेज के लिए मंजूर किए है। उसके लिए विधायक गहलावत ने सरकार का आभार जताया। सीवर दबाने का कार्य उन्हीं कालोनी में भी शुरू करवाया जाए। विधायक ने बताया कि लांडा कालोनी व प्याऊ मनियारी में कोई भी मूलभूत सुविधा नही है। मुख्यमंत्री से पिछल्ले दिनों अनुरोध किया था कि ये 45-45 वर्ष पुरानी अवैध कालोनियां है। उनको वैध कर मूलभुत सुविधाएं देने का काम जरूर किया जाए ताकि हम कुंडली को साफ, सुथरा, समृद्ध बना सके।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत विधानसभा सत्र में हलके की समस्या समाधान की मांग उठाते हुए।

### स्टडी वीजा के नाम पर ठगी, केस दर्ज

**गन्नौर ।** स्टडी वीजा दिलाने के नाम पर कैलाना गांव की एक युवक से आठ लाख से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में कैलाना निवासी योगेश ने बताया कि उसने सिरसा के रहने वाले मनोज मेहता को 8 लाख 42 लाख बैंक ट्रांसफर और ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से दिए थे। यह राशि 6 जुलाई 2023 से 9 दिसंबर 2023 के बीच ट्रांसफर की गई थी।योगेश ने बताया कि उसके दादा हवा सिंह ने भी आरोपित को एक लाख रुपये ट्रांसफर किए थे, लेकिन वीजा प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। जब योगेश ने पैसे वापस मांगे, तो मनोज मेहता ने उसे एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया। आरोप है कि इससे पहले भी उसने थाना गन्नौर में भी दी थी।

### फर्जी दस्तावेजों से बना शाखा प्रबंधक, लाखों के गहने लेकर फरार

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मामा-भांजा चौक स्थित शाखा में फर्जी दस्तावेजों के चलते प्रबंधक बनकर लाखों रुपये कीमत के जेवरात के पैकेट चोरी करने के आरोप का मामला सामने है। मुथूट फाइनेंस लिमिटेड में तैनात मैनेजर ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। विकास नगर निवासी राकेश चहल ने बताया कि वह मुथूट फाइनेंस लिमिटेड में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी ब्रांच मामा-भांजा के पास स्थित है। शाखा में बतौर राकेश निवासी हिसार को शाखा प्रबंधक के पद गत 20 सितंबर को तैनात हुआ था। उसने अपने पांच महीने के कार्यकाल में तीन गोल्ड पैकेट गायब कर दिए। जिसकी बाजार में 13.5 लाख रुपये कीमत है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक राकेश से जानकारी लेनी चाही। उसने बताया कि वह कल बताता है। उसके बाद वह बिना किसी को सूचना दिए गायब हो गया। उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। कागजी जांच की तो पता चला कि राकेश फर्जी दस्तावेजों के जरिए भर्ती हुआ है। कागजातों की जांच की तो पता चला कि राकेश का असली नाम विकास है। वह जींद का रहने वाला है।

### पार्क में बैठे तीन दोस्तों पर हमला, गहने जीते

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में खिजर मकबरा पार्क में बैठे तीन युवकों पर हमला करने व जेवरात, नकदी छीनने का मामला सामने आया है। गांव मिमारपुर निवासी महताब ने बताया कि वह अपने दोस्त गांव के ही चांद व आशू के साथ सैलून का सामान लेने ईदगाह कॉलोनी में आए थे। सामान लेने के बाद वह खिजर मकबरा स्थित पार्क में जाकर बैठ गए। तभी स्कूटी सवार तीन युवक वहां पर पहुंचे। उन्होंने आते ही उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। युवकों ने उनके गले से चांदी की चेन व कान से सोने की बाली छीन ली। साथ ही उनके दोस्त चांद की जेब से 27 सौ रुपये निकाल लिये। उसके बाद वह स्कूटी पर सवार होकर भाग गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। थाना प्रभारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**सख्ती** परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित मिले केंद्र अधीक्षक

## बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही पर्यवेक्षक किया कार्यभार मुक्त

लिपिक कक्ष में मिली फोटो स्टेट मशीन और सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी थी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में आए दिन नकल और लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला बुधवार को 12वीं कक्षा के राजनीति विज्ञान विषय के पेपर में बोर्ड सचिव की उड़नदस्ता टीम के सामने आया।

टीम ने कथूरा में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर पर्यवेक्षक को कार्यभार मुक्त कर दिया। इसके अतिरिक्त केंद्र अधीक्षक अनुपस्थित मिले तो लिपिक कक्ष में फोटो स्टेट मशीन पाई गई। वहीं सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी बंद मिली। जिस पर केंद्र अधीक्षक व पर्यवेक्षक के विरुद्ध उचित कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को लिखा है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करवाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

बुधवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जिले में बनाए गए 69 परीक्षा केंद्रों पर राजनीति विज्ञान विषय का पेपर दिया। नकल पर अंकुश लगाने के लिए उड़नदस्ता टीमें परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती रही। यही कारण रहा कि परीक्षा केंद्र पर नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। दोपहर 12:30 बजे शुरू हुआ पेपर दोपहर बाद 3:30 बजे खत्म हुआ।

### कथूरा में मिली लापरवाही

बोर्ड सचिव उड़नदस्ता टीम ने गोहाना के कथूरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त पर्यवेक्षक अश्वनी, प्रवक्ता, शांति निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनवासा को ड्यूटी के प्रति लापरवाही मिलने पर कार्यभार मुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त प्रमुख केंद्र अधीक्षक वाणिज्य प्रवक्ता राजीव कुमार परीक्षा केंद्र में उपस्थित मिले। वहीं लिपिक कक्ष में फोटो स्टेट मशीन पाई गई। टीम जब सीसीटीवी की जांच करने लगी तो उसकी रिकॉर्डिंग भी बंद पाई गई। बोर्ड की तरफ से जारी निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर प्रमुख केंद्र अधीक्षक व पर्यवेक्षक पर कार्यवाही करने के लिए शिक्षा विभाग को लिखा है।

### 69 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न

बोर्ड परीक्षाओं के तहत बुधवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने राजनीति विज्ञान विषय का पेपर दिया। जिले में बनाए गए 69 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न हुआ। **-कृष्ण रोहिल्ला,** बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत

### कार सवारों ने थाना कलां निवासी पर किया घायल

**खरखौदा।** थाना कलां निवासी ने गांव के ही लोगों पर रंजिशन हमला करने का आरोप लगाया है। कंवर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कंवर सिंह का कहना है कि कुछ दिन पहले उसकी गांव के ही एक युवक के साथ कहासुनी हो गई थी। लेकिन लोगों ने बीच-बचाव करते हुए समझौता करवा दिया था। लेकिन आरोपी पक्ष ने इसे लेकर रंजिश बना ली। वह अपनी बाइक लेकर खरखौदा जा रहा था, इसी बीच रास्ते में एक गाड़ी ने उसका रास्ता रोका तो उसने बाइक रोक ली। जिसमें से एक युवक राकेश नीचे उतरा, जिसके हाथ में चाकू था, जबकि दूसरे युवक के हाथ में लोहे का पाइप था,जिसे वह पहचानता नहीं है। दोनों ने मिलकर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इस बीच मौके पर उसका भतीजा आ गया, जिसे देखकर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।